सं.ए.20011/26/2018-हिंदी
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खण्ड सं ,9 .के.स.का .परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड, नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक: 04 अगस्त, 2022

परिपत्र

विषय : सरकारी कामकाज में टिप्पण/आलेखन मूल रूप से हिंदी में करने के लिए नकद पुरस्कार वार्षिक प्रोत्साहन योजना वर्ष 2021-2022 लागू करने के संबंध में।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के दिनांक 24 जून 2022 के पत्र संख्या 11027/01/2016-हिंदी और राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिंनाक 14 सितम्बर 2016 के कार्यालय ज्ञापन सं.12013/01/2011-रा.भा.(निति) द्वारा परिचालित अनुदेशों के अनुसरण में इस निदेशालय मुख्यालय और अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशनों में वर्ष 2021-22 के दौरान सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी मे करने के लिए नकद पुरस्कार वार्षिक योजना लागू की गई है। इसके लिए वर्ष 2021-22 के दौरान '**क**' और '**ख**' क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा न्यूनतम 20,000 शब्द हिंदी में लिखे जाने अपेक्षित हैं तथा '**ग**' क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा न्यूनतम 10,000 शब्द हिंदी में लिखे जाने अपेक्षित हैं। इस योजना में भाग लेने वाले पात्र कार्मिकों को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में निम्नानुसार प्रदान किए जाते हैं:-

प्रथम पुरस्कार (दो पुरस्कार)	**:**	**प्रत्येक रू. 5000/-**
द्वितीय पुरस्कार (तीन पुरस्कार)	**:**	**प्रत्येक रू 3000/-**
तृतीय पुरस्कार (पाँच पुरस्कार)	**:**	**प्रत्येक रू 2000/-**

2. अत: अनुरोध है कि निदेशालय (मुख्यालय) और अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों में कार्यरत वे सभी अधिकारी और कर्मचारी जो अपना सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करते हैं, पुरस्कार हेतु उनके द्वारा वर्ष 2021-22 (01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 की अवधि तक) के दौरान किए गए हिंदी कार्यों का ब्यौरा (प्रमाणित दस्तावेज सहित) इस पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र में भरकर अपने नियंत्रणाधीन अधिकारी के माध्यम से निदेशालय के हिंदी अनुभाग में दिनांक 30 अगस्त 2022 तक अग्रेषित करवा दें। इस योजना में भाग लेने वाले कार्मिकों के पुरस्कारों का निर्णय निदेशालय में गठित निर्णायक समिति द्वारा हिंदी कार्यो के मूल्यांकन एवं प्राप्त दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही किया जाएगा। प्रमाणित दस्तावेज प्राप्त नहीं होने पर भाग लेने वाले कर्मचारियों के नामों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही अग्रेषित करने वाले अधिकारी विषय-वस्तु को ध्यान में रखकर केवल वांछित दस्तावेज भेजना सुनिश्चित करेंगे।

3. यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

04.8.2022
(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

संलग्नक: यथोपरि

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक के प्रधान निजी सचिव ।
2. सभी संयुक्त निदेशक।
3. सभी अनुभाग अधिकारी /सहायक निदेशक (संचार केन्द्र)।
4. संयुक्त सहायक निदेशक/केन्द्र अधीक्षक- सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्र (विभाग की वेबसाइट के माध्यम से)।
5. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट रोड, नई दिल्ली।
6. संचार केन्द्र, स.नि.पु.बे., नॉर्थ ब्लाक नई दिल्ली।

<u>प्रपत्र</u>

श्री/श्रीमती/कुमारी.................................पदनाम..अनुभाग/संस्थान/अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशन..द्वारा दिनांक 01-04-2021 से 31-03-2022 तक हिंदी में किए गए सरकारी कार्य का ब्यौरा।

<u>टिप्पणी</u>. यह प्रपत्र नमूने के तौर पर है इस के आधार पर प्रपत्र तैयार करके **प्रत्येक माह का हिंदी कार्य का विवरण** अलग-अलग भरा जाए। हिंदी में किए गए कार्यों के प्रमाणित दस्तावेजों की अधिक से अधिक प्रतियां भी संलग्न करें।

क्र.सं.	दिनांक	कार्य का विवरण (इस विवरण में टिप्पणी/प्रारूप-लेखन/रजिस्टर में प्रविष्टि आदि को शामिल किया जा सकता है)	हिंदी में लिखे शब्दों की संख्या
1	2	3	4
		कुल शब्द-	

प्रतिभागी अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर

मोबाइल नंबर-

<u>प्रमाण-पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी..पदनाम.................... . जिनकी मातृभाषा........................है और अनुभाग/संस्थान/ अंतर राज्य पुलिस बेतार स्टेशन.............................. में कार्यरत हैं। इनके द्वारा दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2022 तक प्रस्तुत हिंदी में किए गए सरकारी कार्य का ब्योरा सही है। इनके द्वारा हिंदी में किए गए कार्य का मिलान अनुभाग/संस्थान/स्टेशन में उपलब्ध रिकॉड, फाइलों/रजिस्टरों आदि से कर ली गयी है।

प्रभारी/नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर (मोहर सहित)

नाम और पदनाम:

मोबाइल नंबर: